S.K.C.

CATALOGUE OF BOOKS
HINDI MANDIR PRAYAG

IGNCA

of Books


lished by
-MANDIR
AHABAD
India)

हि[illegible]न्दिर, प्रयाग

हिन्दी में उच्चकोटि के प्रकाशक और विक्रेता

[१९३७]

का



हमारी पुस्तकें स्वदेश ही में नह।, [illegible] देशों में भी बड़े चाव से पढ़ी और पढ़ाई जाती हैं। हमारी पुस्तकें जर्मनी, इँग्लैंड, [illegible]टली, नेटाल, लेनिनग्राड और साउथ अमेरिका तक पहुँच गई [illegible]। पुस्तकों पर आई हुई सम्मतियाँ पढ़कर और हमारे कथन [illegible]ी सचाई का प्रमाण पाकर आप इस बात का सुख अनुभव [illegible]रेंगे कि हमारी पुस्तकों ने हिन्दी-साहित्य के गौरव को कितना बढ़ाया और उसे कहाँ तक पहुँचाया है। हमारे यहाँ से प्रकाशित पुस्तकें पढ़कर आप थोड़े ही पैसे में इतना लाभ प्राप्त करेंगे जो लाखों के मूल्य का होगा। हमारे यहाँ से प्रकाशित कई कविता-पुस्तकों के अनुवाद दक्षिण भारत की भिन्न-भिन्न भाषाओं में हो गये हैं, यह सौभाग्य हिन्दी-जगत् में अभी तक [illegible]ल हमें ही प्राप्त है।

मैनेजर

हिन्दी-मन्दिर, प्रयाग

पुस्तकें मँगानेवालों के लिए आवश्यक सूचनाएँ

१—पुस्तकें मँगानेवालों को अपना नाम, गाँव, पोस्ट और ज़िला साफ़-साफ़ लिखना चाहिये।

२—प्रत्येक आर्डर में पुस्तकों के नाम खुलासा लिखने चाहिये।

३—रेलवे स्टेशन नज़दीक हो तो रेल-पार्सल से पुस्तकें मँगाने में किफ़ायत होगी। रेल-द्वारा पुस्तकें मँगानेवालों को रेलवे-स्टेशन का नाम साफ़-साफ़ लिखना चाहिये।

४—रेल-पार्सल से पुस्तकें मँगानेवालों को कम-से-कम दो रुपये पेशगी भेजना चाहिये।

Printed & Published by R. N. Tripathi at the Hindi-Mandir Press; Allahabad.

हिन्दी-मन्दिर, प्रयाग

पुस्तकों का सूचीपत्र

कविता-कौमुदी

पहला भाग—हिन्दी

सम्पादक—रामनरेश त्रिपाठी

इस पुस्तक में चंदबरदाई, विद्यापति ठाकुर, कबीरसाहब, रैदास, धर्मदास, गुरु नानक, सूरदास, मलिक मुहम्मद जायसी, नरोत्तमदास, मीराबाई, हितहरिवंश, नरहरि, हरिदास, नन्ददास, टोडरमल, बीरबल तुलसीदास, बलभद्र मिश्र, दादूदयाल, गंग, हरिनाथ, रहीम, केशवदास, पृथ्वीराज और चम्पादे, उसमान, मलूकदास, प्रवीणराय, मुबारक, रसखान, सेनापति, सुन्दरदास, बिहारीलाल, चिन्तामणि, भूषण, मतिराम, कुलपति मिश्र, जसवंतसिंह, बनवारी, गोपालचंद मिश्र, बेनी, सुखदेव मिश्र, सबलसिंह चौहान, कालिदास त्रिवेदी, आलम और शेख़, लाल, गुरु गोविन्दसिंह, घनआनन्द, देव, श्रीपति, वृन्द, बैताल, उदयनाथ (कवीन्द्र), नेवाज, रसलीन, घाघ, दास, रसनिधि, नागरीदास और बनीठनीजी, चरनदास, तोष, रघुनाथ, गुमान मिश्र, दूलह, गिरिधर कविराय, सूदन, सीतल, व्रजवासीदास, सहजोबाई, दयाबाई, ठाकुर, बोधा, पद्माकर, लल्लूजी लाल, जयसिंह, रामसहाय दास, ग्वाल, दीनदयाल गिरि, रणधीरसिंह, विश्वनाथसिंह, राय ईश्वरीप्रताप नारायण राय, पजनेस, शिवसिंह सेंगर, रघुराजसिंह, द्विजदेव, रामदयाल नेवटिया, लछमणसिंह, गिरिधरदास, लछिराम और गोविन्द गिल्लाभाई

के जीवन-चरित्रों और उनकी चुनी हुई कविताओं का संग्रह है। प्रारम्भ में हिन्दी का एक हज़ार वर्षों का इतिहास बड़ी खोज से लिखा गया है। अन्त में प्रेम, हास्य, श्रृङ्गार और नीति के बड़े ही मनोरंजक घनाक्षरी, सवैया, कवित्त, दोहे, पहेलियाँ, खेती की कहावतें और अन्योक्तियाँ संगृहीत हैं। यह पुस्तक शिक्षित मनुष्य के हाथ, हृदय और वाणी का श्रृङ्गार है। बढ़िया काग़ज़, उत्तम छपाई और स्वर्णाक्षरों से अंकित, रंगीन कपड़े की मनोहर जिल्द से सुसज्जित यह पुस्तक सुन्दर हाथों में सर्वथा स्थान पाने योग्य है। दाम ३)। डाक-व्यय ।॥=)।

सम्मतियाँ

(१)

आपनार संकलित "कविता-कौमुदी" ग्रन्थखानि पाठ करिया परितृप्ति लाभ करियाछि। हिन्दी-कवितार ए रूप सुन्दर एवं धारावाहिक संग्रह आमि आर कोथाओ देखा नाई। आपनी एई कवितागुलि प्रकाश करिया भारतीय साहित्यानुरागी व्यक्तिमात्र केइ चिरकृतज्ञता पाशे आबद्ध करियाछेन। इति, १६ आषाढ़, १३२६।

श्रीरवीन्द्रनाथ ठाकुर

(२)

Ruthfarnham, Camberley (England)

Surrey, 19-9-19

I have read the book with much interest, and it is a valuable introduction to the study of Hindi literature. I wish such a book had been available when I began my studies in that language fifty years ago.

George A. Grierson.

(३)

महामहोपाध्याय डाक्टर गङ्गानाथ झा—

.........of your Kavita-Kaumudi—I am an old admirer and you will be glad to learn that each of my boys have got a copy of this book. It is an excellent compilation done with good taste and wise discrimination. The introduction is instructive and highly suggestive.

(४)

Hohenzollerndomm
Berlin—Wilmersdorf
Germany.

Dear Panditji,

I have been using your handy volumes of Kavita-Kaumudi for the last three years regularly. It is nothing but the truth when, I say that your volumes contain selections of sterling worth. They present the best and most interesting productions of Indian poetry in a nut-shell, as it were to us your introductions on Hindi and Urdu literatures and on Gram-Git are the most excellent essays on the subject that I know of. They ought to be published separately also in English for the use of the whole of India and other countries as well.

Yours Sincerely
Tarachand Roy.
(हिन्दी के प्रोफेसर)

कविता-कौमुदी

दूसरा भाग—हिन्दी

सम्पादक—रामनरेश त्रिपाठी

इसमें नीचे लिखे कवियों की जीवनियों और उनकी चुनी हुई कविताओं का संग्रह है—

हरिश्चन्द्र, बदरीनारायण चौधरी, विनायकराव, प्रतापनारायण मिश्र, विजयानन्द त्रिपाठी, अम्बिकादत्त व्यास, लाला सीताराम, नाथूराम शंकर शर्मा, जगन्नाथ प्रसाद "भानु", श्रीधर पाठक, सुधाकर द्विवेदी, शिवसम्पति, महावीरप्रसाद द्विवेदी, अयोध्यासिंह उपाध्याय, राधाकृष्णदास, बालमुकुन्द गुप्त, किशोरीलाल गोस्वामी, लाला भगवानदीन, जगन्नाथदास (रत्नाकर), राय देवीप्रसाद "पूर्ण", कन्हैयालाल पोद्दार, रामचरित उपाध्याय, सैयद अमीर अली "मीर", जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी, कामताप्रसाद गुरु, मिश्रबन्धु, गिरिधर शर्मा, रामदास गौड़, माधव शुक्ल, गयाप्रसाद शुक्ल "सनेही", रूपनारायण पांडेय, रामचन्द्र शुक्ल, सत्यनारायण, मन्नन द्विवेदी, मैथिलीशरण गुप्त, लोचनप्रसाद पांडेय, लक्ष्मीधर वाजपेयी, शिवाधार पांडेय, माखनलाल चतुर्वेदी, जयशङ्करप्रसाद, गोपालशरण सिंह, बदरीनाथ भट्ट, सियारामशरण गुप्त, मुकुटधर, वियोगी हरि, गोविन्ददास, सूर्यकान्त त्रिपाठी, सुमित्रानन्दन पन्त, सुभद्राकुमारी चौहान, महादेवी वर्मा, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', रामधारीसिंह 'दिनकर', इत्यादि।

प्रारम्भ में खड़ी-बोली की कविता का बड़ा मनोरंजक इतिहास और अन्त में "कौमुदी-कुञ्ज" नाम से फुटकर कविताओं का बड़ा अनूठा संग्रह है। इसका नया संस्करण बड़ी सजधज से निकला है। बढ़िया सफेद चिकना काग़ज़, अच्छी छपाई, कपड़े की सुन्दर और मज़बूत जिल्द और दाम सिर्फ तीन रुपये। डाक-व्यय ।।।=)

कविता-कौमुदी

तीसरा भाग—संस्कृत

(नवीन संस्करण)

सम्पादक—रामनरेश त्रिपाठी

इसमें निम्नलिखित संस्कृत-कवियों की जीवनियाँ और उनकी चमत्कार-पूर्ण कविताएँ संगृहीत हैं:—

अग्नि, वाल्मीकि, व्यास, पाणिनि, चाणक्य, भरत, भास, भर्तृहरि, गुणाढ्य, कालिदास, विष्णुशर्मा, कुमारदास, अमरसिंह, शूद्रक, अश्वघोष, भामह, भारवि, भर्तृमेण्ठ, दण्डी, सुबंधु, भट्टि, माघ, भौमक भट्ट, मयूर, अमरुक, बाणभट्ट, हर्षवर्द्धन, भट्टनारायण, दामोदर गुप्त, शंकराचार्य, भवभूति, वामन, रत्नाकर, आनन्दवर्धनाचार्य, मुरारि, विशाखदत्त, राजशेखर, रुद्रट, हलायुध, परिमल, नारायण, अमितगति, त्रिविक्रम, सोमदेव, भोजराज, क्षेमेन्द्र, बिल्हण, लोलिम्बराज, हेमचन्द्र, कृष्ण मिश्र, दामोदर मिश्र, मम्मट, वाग्भट, धनञ्जय, मंखक, वासुदेव, कविराज, जयदेव, कल्हण, गोवर्द्धन, श्रीहर्ष, जल्हण, रामचन्द्र, वत्सराज, राजानक रुय्यक, जगद्धर, जयदेव, मल्लिनाथ, शार्ङ्गधर, माधवाचार्य, विश्वनाथ, राजशेखर, विद्यापति, वामन भट्ट बाण, बल्लाल, अप्पय दीक्षित, जगन्नाथ पंडितराज, रामावतार शर्मा.

प्रारम्भ में संस्कृत-साहित्य का रोचक इतिहास है। अन्त में कौमुदी-कुञ्ज है, जिसमें अकाल जलद, अभिनव गुप्ताचार्य, अमितगति, अमोघ-वर्ष, कविपुत्र, कविराज, चन्दक, जोनराव, पाजक, पद्मगुप्त, प्रकाशवर्ष, विकटनितम्बा, भट्टभल्लट, भिक्षाटन, मातङ्गदिवाकर, मातृगुप्त, मोरिक, लीलाशुक, वररुचि, वासुदेव, विज्जका, विद्यारण्य, शिवस्वामी, शीला भट्टारिका, हर्षदेव आदि चमत्कारी कवियों के रस, ऋतु, पहेली, नायिका-भेद, नखशिख तथा निन्दा-स्तुति-विषयक श्लोकों का बड़ा ललित और आनन्दवर्द्धक संग्रह है। छपाई-सफ़ाई सुन्दर; सुवर्णाङ्कित रंगीन जिल्द; मूल्य तीन रुपये; डाक-व्यय ॥।=)।

कविता-कौमुदी

चौथा भाग—उर्दू

सम्पादक—रामनरेश त्रिपाठी

हिन्दी-अक्षरों में उर्दू के वली, आबरू, मज़मून, नाज़ी, यकरङ्ग, हातिम, आरज़ू, फ़ुग़ाँ, मज़हर, सौदा, मीर, दर्द, सोज़, जुरअत, हसन, इन्शा, मसहफ़ी, नज़ीर, नासिख, आतिश, ज़ौक, ग़ालिब, रिन्द, मोमिन, अनीस, दबीर, नसीम, अमीर, दाग़, आसी, हाली, अकबर, चकबस्त और इक़बाल आदि मशहूर शायरों की दिल को हुलसानेवाली, तबीयत को फड़कानेवाली, कलेजे में गुदगुदी पैदा करनेवाली, आशिक़-माशूक़ के चोचलों से चुहचुहाती हुई, महावरों की मौज में चुलबुलाती हुई, बारीक विचारों की मिठास से दिमाग़ को मस्त करनेवाली, निहायत शोख़, बातों ही से हँसाने और रुलानेवाली उर्दू-ग़ज़लों और तीर की तरह चुभनेवाले शेरों का अनोखा संग्रह है।

इसमें प्रारम्भ में उर्दू-भाषा का निहायत दिलचस्प इतिहास भी है। कौमुदी-कुञ्ज में अन्य शायरों के निहायत मज़ेदार शेरों और ग़ज़लों का अनूठा संग्रह है।

छपाई-सफ़ाई मनोहर; काग़ज़ बढ़िया; कपड़े की सुवर्णाङ्कित जिल्द; दाम केवल तीन रुपये। डाक-व्यय ।।।=)

सम्मतियाँ

(१)

डा० रवीन्द्रनाथ ठाकुर—

The 4th part ot 'Kavita-Kaumudi' is a valuable contribution to Urdu literature and which will serve to arouse enthusiasm for a critical study of Urdu poets. The book has been presented to our library where it will be studied with profit by our scholars.

(२)

डा० सुनीतिकुमार चटर्जी, एम० ए०, डी० लिट्०, (लंडन)

प्राफ़ेसर कलकत्ता युनिवर्सिटी

Tripathiji,

I wish to write to you and make your acquaintance after having read your most admirable and illumining introduction in the 4th volume of the 'Kavita-Kaumudi. Your account of the characteristic and general spirit of Urdu poetry is one of the rarest pieces of literary study that I have seen on any Indian language, and if I had the time, I would gladly have translated it into English ; it deserves to be widely read.

सम्मतियाँ

(१)

माननीय पंडित मदनमोहन मालवीय—

श्रीः

प्रिय त्रिपाठी जी,

'ग्राम-गीत' संग्रह का जो भाग आपने मुझे दिखाया है, उसको देखकर मुझको अनिर्वचनीय सुख प्राप्त हुआ है। इसमें अनेक गीतों में बहुत रस बहुत मिठास और मन पर चोट करने वाले भाव बड़ी सरल भाषा में भरे हुये [redacted] हैं। जो लोग कविता के हृदय के पहिचानने वाले हैं और जिनको हमारे गावों में बसने वाले सीधे और भोले भाई और बहिनों के जीवन का ज्ञान है, वे इस संग्रह में उनके सुख-दुख, मान-अपमान, उनके मन की कामना और धर्म के भाव के उद्गार में बहुत रस पावेंगे। इन गीतों के संग्रह का आपका परिश्रम अति प्रसंशनीय है। इस परिश्रम से आपने हिन्दी जगत को सदा के लिये उपकृत किया है। मुझे निश्चय है कि कविता के प्रेमी आपके इस संग्रह का प्रेम से स्वागत करेंगे।

काशी
भा॰ कृ॰ ६ सं॰ १९८६ वि॰

मदन मोहन मालवीय।

भाई रायकृष्णदासजी,

आपके [illegible] गीतों के संग्रह का जो कुछ परिचय मैंने [illegible] आपके परिचय का [illegible] का कुछ लाभ हुआ ऐसा मानता हूं. संग्रह उत्तम लगा. मैं तो चाहता हूं प्रत्येक हिंदी भाषा प्रेमी आपके संग्रह का अध्ययन करे. पुस्तक विद्यालयों में स्थान लेने लायक मानता हूं. आपने गीतों का अनुवाद दिया है उससे पुस्तक की उपयोगिता अधिक हुई है. आपके प्रयत्नके लिये धन्यवाद

[illegible]
२८ १० [illegible]

आपका
मोहनदास गांधी

(३)

पंडित महावीरप्रसाद द्विवेदी—

आपने साहित्य के इस अछूते अंश की पूर्ति करके बड़ा काम किया। बड़ी अच्छी पुस्तक लिखी। पुस्तक के आरम्भ के कई सौ पृष्ठ तो अनमोल ही हैं। उनमें विषय की विवेचना और आपके साहित्य-ज्ञान की राशियाँ भरी मिलीं।

(४)

डाक्टर भगवानदास—

नमस्कार।

अनेक धन्यवाद। ग्राम-गीत की पुस्तक मिली। जबतक आँखों में और हृदय में भी अधिक व्यथा नहीं आरम्भ हुई, तबतक पढ़ता रहा। हृदय दुर्बल हो जाने से सचमुच बहुत करुणा की कविता पढ़ने-सुनने से रस उठने के स्थान में व्यथा ही अब होने लगती है। नैषध का श्लोक याद आता है—

पिकाद्वने शृण्वति भृङ्गहुंकृतै-
र्दशामुदञ्चत्करुणां वियोगिनाम्।
अनास्थया सूनकरप्रसारिणीं
ददर्शदूनः स्थलपद्मिनीं नलः॥

आपका परिश्रम और सदुत्साह सफल हो। और देश में मिथ्या शाब्दिक चतुरता और नटबाजी और कृत्रिम अलङ्कार की भरमार कम हो और गंभीर भाव और रस का उद्बोधन हो।

पिबत भागवतं रसमालयम्
मुहुरहो रसिका भुवि भावुकाः
—न तु आलङ्कारिकाः—

गीतों में मुझे, तो रस की मात्रा व्यास, वाल्मीकि, कालिदास और भवभूति से भी—तथा तुलसीदास, सूरदास से भी, अधिक जान पड़ी। मुझे तो संस्कृत में ऐसा रस नहीं आता।

भगवानदास

(५)

लाला लाजपतराय (स्व०)

My Dear Tripathiji,

I am realy happy to hear that you are making a collection of Folke-lore-songs of the provinces of Northern India. I congratulate on your enterprise, because the real history of the country and its moral and social ideals are so much locked up in these Folk-lores that their loss will be a real disaster. We are losing every thing valuable in our Folk-lore traditions, and any body who restores them to life again and makes them available to the educated people would do a lasting service to the country and also to the Hiudu culture. I hope, therefore, that patriotic Indians whether educated or uneducated will help you in this work. I wish you success from the bottom of my heart.

(६)

माननीय सर सीताराम साहब—

(प्रेसीडेंट लेजिस्लेटिव कौंसिल, युक्तप्रान्त)

नैनीताल, २३-६-२६

श्रीयुत त्रिपाठीजी,

प्रणाम। ग्राम-गीत के लिये धन्यवाद तथा बधाई। ग्राम-गीतों का संग्रह कर आपने बड़ा उपकार किया है। इनसे हमारी सभ्यता, आदर्श

तथा जीवन-प्रणाली का पता भली भाँति लगता है। खेद तो यह है कि आये दिन इनका अभाव होता जा रहा है। यदि इसी प्रकार साहित्य की मर्म-दृष्टि से देखकर आप हमारे पश्चिमी प्रांत के गीतों को पुस्तकाकार में प्रकाशित कर सकें, तो अच्छा हो।

मैं तो यह चाहता हूँ कि साहित्य के अतिरिक्त हमारी लोकोक्तियों में जो परोपकारी लाभदायक अन्य अनेक बातें हैं, उनका भी संग्रह आवश्यक है। जैसे, दवायों के चुटकुले। अन्यथा नवजीवन के प्रवाह में अथवा जीवन-संघर्ष में पुराने साहित्य के साथ इन सब बातों का भी सर्वनाश हो जावेगा। अब भी प्रायः लोप होगया है। आपका उद्यम और परिश्रम सराहनीय है।

(७)

कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर के सेक्रेटरी का पत्र—

Dear Mr. Tripathi,

Dr. Rabindranath Tagore is very glad to know that you have been taking great pains in collecting rural songs from different parts of India. He sends his blessings and wishes you every success. He hopes your book will find appreciative readers and help to spread the love of folk-literature among our country-men.

(८)

प्रो० नलिनीमोहन सान्याल, एम० ए०, भाषातत्व-रत्न—

ग्राम-गीतों का संग्रह, सङ्कलन और प्रचार आपके अद्‌भुत आत्म-त्याग का परिचायक है। पुस्तक की भूमिका सुचिन्तित और सुलिखित है।

(९)

बाबू रामानन्द चटर्जी, (माडर्न रिव्यू के सम्पादक—)

Dear Mr. Tripathi,

Your efforts to collect and publish folk-songs are highly praiseworthy. Your collection is sure to be useful and valuable. The work deserves every support and encouragement.

Yours sincerely
Ramanand Chatterji

(१०)

महामहोपाध्याय डा० गङ्गानाथ झा,
(भू० वाइस चांसलर, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी)—

Dear Tripathiji,

Many thanks for the fifth part of Kavita-Kaumudi, which fully maintains the standard of the previous parts; indeed from point of view of interest it surpasses them all. I wish you got some one to collect such songs from Mithila, where our women have a large stock of songs which may be regarded to be as नित्य and अपौरुषेय as the Veda itself.

I shall keep your collection always by me : an occasional dip into it will be so inspiring and ennobling with many thanks.

Yours sincerely
Ganganath Jha

(११)

बाबू राजेन्द्रप्रसाद—

यदि कविता का गुण है हृदय को बेंचना—उस पर चोट करना, तो ग्राम-गीत इस भाव से ओत-प्रोत हैं। आपका परिश्रम बहुत ही सफल हुआ है। और मैं समझता हूँ, हिन्दी-संसार आपके परिश्रम की क़दर करेगा।

(१२)

मंत्री, नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी—

आपकी "कविता-कौमुदी" का पाँचवाँ भाग सभा के गत अधिवेशन में उपस्थित किया गया था। यह भाग बहुत ही उत्तम निकला है और इसके लिये सभा आपको बधाई देती है।

(१३)

पंडित रामनारायण मिश्र (काशी)—

ग्राम-गीतों का संग्रह कर आपने मातृ-भाषा की सच्ची सेवा की है। स्वर्गवासी पं० सुधाकर द्विवेदीजी ने ऐसा संग्रह छपवाने की कई बार इच्छा प्रकट की थी। पर उनके जीते-जी यह काम न हुआ। यदि वे आज होते, तो आपको सच्चे हृदय से आशीर्वाद देते।

आपकी पुस्तक पढ़कर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई।

(१४)

मिस्टर ए० जी० शेरिफ़, I. C. S.—

I Congratulate you on the fifth volume. You have done a great service to literature in collecting and preserving this store of genuine folk-songs. It seems to me to be a work in the same class with Percy's *Reliques* of Ancient Euglish Poetry. Percy's *Reli-*

ques (as you know) was largely responsible for the romantic revival in English Literature at the end of the eighteenth century. Let us hope that your ग्राम-गीत will have a similar influence. The few ballads that I have read in the last two days have the ring of the poetry and your commentary justly illustrates this. A study of these ballads will probably guide poets of the present generation to a fresh and living source of natural expression.

(१५)

बाबू मैथिलीशरण गुप्त—

आपकी मौलिक रचनायें ही आपको अमर बनाने के लिए यथेष्ट हैं; परन्तु आप और कुछ न करके यदि एक यही काम करते, तो भी अक्षय यश के अधिकारी थे।

कुछ गीत, तो इतने कारुणिक हैं कि आँसू नहीं रुकते। न जाने, ऐसा कितना साहित्य होगा! भगवान् आपका भला करे, आपका ध्यान इस ओर गया है। नये मन्दिर निर्माण कराने की अपेक्षा पुरानों का जीर्णोद्धार करना बड़े त्याग और पुण्य का काम है; किन्तु इसके लिये बड़े मनोबल की आवश्यकता है। आप भाग्यवान हैं कि आपमें वह बल है।

(१६)

प्रो० अमरनाथ झा, एम० ए०—

हिन्दी का आपने इस संग्रह के प्रकाश करने से बड़ा उपकार किया है। आपके परिश्रम और उत्साह की मैं क्या प्रशंसा करूँ? यदि

आप स्वयं सुकवि न होते, तो केवल 'कविता-कौमुदी' के पाँच भाग का सङ्कलन ही इस योग्य था कि हिन्दी-साहित्य में आपको आदरणीय स्थान दिलावे।

इन गीतों के पढ़ने पर कवियों के पद कैसे नीरस मालूम होते हैं। न इनमें अनुप्रास है, न अलङ्कार की खोज है, न शब्द-विन्यास है। हृदय की उमङ्ग है, स्वाभाविक भाव है, नित्य की भाषा है और सीधे हृदय पर प्रभाव पड़ता है। सोचना नहीं पड़ता। प्रभाव पड़ने पर विचारते हैं, 'प्रभाव क्यों पड़ा? इस पद में क्या विशेषता है?' विचार करें, गानेवाला तो प्रभाव डालकर अपना काम कर गया।

"जैसे कुम्हार क आँवाँ त भभकि-भभकि रहै।
बेटा, वैसइ माई क करेजवा त धधकि-धधकि रहै॥"

"आधे तलवा माँ हंस चूनैं आधे माँ हंसिनि।
तबहूँ न तलवा सोहावन एक रे कमल बिन॥
आधी फुलवरिया गुलबवा आधी माँ केवड़ा गमकइ।
तबहूँ न फुलवा सुहावन एक रे भँवर बिन॥"

"जो मैं होतिउँ बन कइ कोइलिया, बनै रे बन रहतिउँ हो ना।
मोरा हरि जाते अहेरिया, तौ सबद सुनौतिउँ हो ना"॥

बड़ा आनन्द होता इन्हें पढ़ने पर, और शोक भी होता है कि अपनी इतनी अनमोल सम्पत्ति को हम लुप्त होने दे रहे हैं। आशा है, आपके प्रयत्न से यह स्थायी-स्वरूप में साहित्य का अङ्ग होगा।

(१७)

डा० बाबूराम सक्सेना—

ग्राम-गीतों के संग्रह में जो अदम्य उत्साह आप दिखा रहे हैं, उसके लिये आप प्रशंसा के पात्र हैं। आपके इस काम का मूल्य भविष्य में मालूम होगा जब इन गीतों का प्रायः लोप ही हो जायगा।

(१८)

प्रो० ताराचन्दराय (बर्लिन युनिवर्सिटी, जर्मनी)—

You have rendered a signal service to the cause of Indian rural poetry through the publication of your most valuable and interesting collection. You deserve the deepest gratitude of all Hindi scholars for the excellent introduction to the fifth volume of your 'Kavita-Kaumudi.'

(१९)

सन्तराम, बी० ए०, (लाहौर)—

ग्राम-गीतों का ऐसा सुन्दर संग्रह तैयार करके आपने एक बहुत ही पुण्य कार्य किया है। कोई-कोई गीत तो इतना मर्मस्पर्शी है कि पढ़ते-पढ़ते आत्मा बाह्य जगत को भूल-सा जाता है। मालूम नहीं, वर्तमान पीढ़ी आपके परिश्रम की कद्र कर सकेगी या नहीं; परन्तु एक दिन ऐसा अवश्य आयेगा जब जनता आपके इस भगीरथ-प्रयत्न की दाद देगी।

कविता-कौमुदी

छठा भाग—ग्राम-गीत

सम्पादक—रामनरेश त्रिपाठी

इस भाग में निम्नलिखित विषय हैं—

आल्हा, लोरिक, हीर-राँझा, ढोला-मारू, नयकवा आदि बड़े-बड़े गीतों की संक्षिप्त कथाएँ और नमूने; घाघ और भड्डरी की उक्तियाँ; खेती की कहावतें; पहेलियाँ; लोकोक्तियाँ; नीति के पद्य; काश्मीरी गीत; पंजाबी गीत; मारवाड़ी गीत; भीलों के गीत; गुजराती गीत; मराठी

गीत, मलयाली गीत; तमिल गीत; तेलगू गीत; उड़िया गीत; बँगला गीत; आसामी गीत; मैथिल गीत; नेपाली गीत और पहाड़ी गीत।

कौमुदी-कुञ्ज में—बिरहे, कहरवा, पचरा, लावनी, होली, रसिया, चैती, खेमटा, पूरबी, दादरा, दोहे, सोरठे, सवैया, कबित्त, छन्द, भजन, इत्यादि।

छपाई-सफ़ाई बहुत उम्दा; कागज़ बढ़िया; जिल्द सुन्दर; दाम ३); डाक-व्यय ।।।≈); पुस्तक प्रेस में है।

कविता-कौमुदी

सातवाँ भाग—बँगला

सम्पादक—डा० कृपानाथ मिश्र, एम० ए०, डी० लिट्०

इसमें प्रारंभ में बँगला-साहित्य का प्रारंभ से लेकर आजतक का इतिहास दिया गया है। फिर निम्नलिखित कवियों के परिचय और उनकी चुनी हुई कविताएँ दी गई हैं। अन्त में कौमुदी-कुञ्ज है, जिसमें फुटकर कविताओं का संग्रह है। मूल कविताएँ देवनागरी अक्षरों में दी गई हैं और नीचे उनके हिन्दी-अनुवाद दिये गये हैं।

कवि-नामावली

डाक, खना, रामाइ पण्डित, नारायणदेव, विजयगुप्त, केतकादास क्षेमानन्द, कविकङ्कण मुकुन्दराम, भवानीशङ्करदास, कृत्तिवास, घनश्यामदास, सञ्जय काशीरामदास, नित्यानन्द, मालाधर बसु, चण्डीदास, विद्यापति, गोविन्ददास, ज्ञानदास, भारतचन्द्र, रामप्रसाद, माइकेल मधुसूदनदत्त, हेमचन्द्र वन्द्योपाध्याय, नवीनचन्द्र सेन, द्विजेन्द्रनाथ ठाकुर, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, द्विजेन्द्रलाल राय, चित्तरञ्जनदास, रजनीकान्त सेन, सत्येन्द्रनाथ दत्त, अक्षयकुमार वड़ाल, मोहितलाल मजुमदार, यतीन्द्रमोहन बागची, कामिनी राय, कालिदास राय, कृष्णधन दे, प्रियम्वदा देवी, दिलीपकुमार राय, काज़ी नज़रुल इसलाम।

अंत में कौमुदी-कुञ्ज है, जिसमें ४० कवियों की फुटकर कविताओं का संग्रह है। इसमें भी मूल कवितायें देवनागरी अक्षरों में दी गई हैं और नीचे उनके हिन्दी-अनुवाद दिये गये हैं।

छपाई-सफ़ाई बहुत उम्दा; काग़ज़ बढ़िया; जिल्द सुन्दर; दाम ३) डाक-व्यय ।।।=)।

सम्मतियाँ

(१)

Roy's Weekly (Delhi)—

Pandit Ram Naresh Tripathi has put Hindi literature undar a debt of gratitude by bringing out the series of which the present one is the seventh; It deals with the poetry of Bengali literature, and the work has been compiled by a well-known Bengali-Hindi writer Mr. Kripa Nath Misra. As has been done with the other volumes of this series, a history of the time and the literature of the poets has been delt with properly, the lives of the poets have been incorporated along with a selection of some of their famous lines with their Hindi translations. This book will be welcomed by readers in Hindi on account of the fact that Hindi has learnt and adopted a lot from the Bengali literature which is so beautiful and so rich. The book is well printed and the get up is quite in keeping with the books of this series.

पथिक

(खंड काव्य)

रचयिता—रामनरेश त्रिपाठी

पथिक एक खण्ड-काव्य है। पाँच सर्गों में समाप्त हुआ है। पथिक की कथा पढ़कर कौन ऐसा सहृदय है, जो न रो उठे। स्थान-स्थान पर प्राकृतिक सौन्दर्य का बड़ा ही हृदय-स्पर्शी वर्णन है। देश की दशा, कर्तव्य-पालन की दृढ़ता, आत्मबल की महिमा और आत्मत्याग की कथा बड़े ही मार्मिक शब्दों में लिखी गई है। इसके सम्बन्ध की सबसे महत्व-पूर्ण बात यह है कि इसे महात्मा गाँधी ने आद्योपान्त पढ़ा है। मराठी में तथा दक्षिण भारत की अन्य कई भाषाओं में इसके पद्यानुवाद हो चुके हैं और बर्लिन यूनिवर्सिटी (जर्मनी) में यह पढ़ाया भी जाता है। इसमें एक तिरंगा और चार सादे चित्र भी हैं।

पुस्तक बढ़िया काग़ज़ पर बड़ी सुन्दरता से छपी है। दाम आठ आने। डाक-व्यय ॥)


सम्मतियाँ

(१)


पंडित मदनमोहन मालवीयजी—

पथिक की रचना बहुत ही सुन्दर और प्रभावोत्पादक है। पथिक का चरित्र बड़ी उत्तमता से लिखा गया है। इस पुस्तक का पहला संस्करण एक लाख प्रतियों का होना चाहिये।

(२)



[२२]


POST CARD
WRITING SPACE
ADDRESS ONLY
Sjt Ramnaresh
Tripathi
Hindi Mandir
Allahabad

(३)

पंडित श्रीधर पाठक (स्व०)—

पथिक सर्वांशतः एक सत्काव्य है और हमारी मातृभाषा को उस उच्च पद पर प्रतिष्ठापित करता है, जिस पर उसके सच्चे प्रेमी उसे देखने को बहुत दिनों से अधीर हो रहे थे।

(४)

पंडित अयोध्यासिंह उपाध्याय—

पथिक एक मौलिक काव्य है। इसमें भाव और माधुर्य का मणि-काञ्चन-योग है। कवि-सहृदयता का इसमें सरस विकास है। सरसता-स्रोत जहाँ देखिये, वहीं प्रवाहित है।

(५)

बाबू मैथिलीशरण गुप्त—

इस कालीन सिद्ध कविवर ने पावन पथिक कहानी।
उज्ज्वल गीतों में रच की है कीर्तिमयी निज बानी॥

(६)

लाला भगवानदीन—

पथिक को सिर से पैर तक देखा। रंग चोखा और ढंग अनोखा है। भाषा नुकीली और वर्णन-शैली बड़ी चुटीली है।

(७)

पंडित लोचनप्रसाद पांडेय—

पथिक ने दर्शन दिये पवित्र, हुये हम पावन तथा कृतार्थ।
मधुर मोहक उपदेश ललाम, श्रवणकर जाग उठा परमार्थ॥
धन्य कविवर! तव प्रतिभा दिव्य, धन्य भावुकता भाषा-भक्ति।
धन्य यह देशोद्धार-उपाय, धन्य रामेश्वर-दर्शन-शक्ति॥

(८)

पंडित नाथूराम शङ्कर शर्मा (स्व०)—

शङ्कर पथिक प्रतापी माना, भाव रुचिर रचना का जाना।
पाय प्रकाश ज्ञान-सविता का, फूला हृदय-पद्म कविता का॥

(९)

पंडित जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी—

वर्णन सुन्दर और स्वाभाविक है। कल्पना और रचना बड़ी ही रोचक है।

(१०)

बाबू पुरुषोत्तमदास टण्डन—

मुझे निश्चय है कि त्रिपाठीजी के इस काव्य को हिन्दी-भाषा में आदरणीय स्थान मिलेगा और हिन्दी के उच्चकोटि के काव्यों में इसकी गणना होगी।

(११)

पंडित कृष्णाकान्त मालवीय—

काव्य में जितने गुण होने चाहियें, वह प्रायः सब "पथिक" में मौजूद हैं। यह हमारे हृदय में उच्च भावों को भरता है, हमारे मानस शरीर को यह उच्च भावों की चोटी पर ले बैठाता है; साथ ही हमारी आत्मा को यह पवित्रतर कर विश्वात्मा में विलीन कर देता है।

(१२)

सेठ गोविन्ददास—

पथिक और मिलन मैंने पढ़ लिये। सुन्दर रचना है और बड़े अच्छे-अच्छे भाव हैं। कोई-कोई स्थल तो ऐसे हैं कि जिन्हें पढ़कर ऐसा कोई सहृदय नहीं, जिसकी आँखों से आँसू न बह पड़ें।

मिलन मुझे बहुत अधिक पसन्द आया।

(१३)

डा० भगवानदास, एम० ए०—

मैंने "पथिक" काव्य आद्योपांत अक्षरशः पढ़ा और कई अंश दो बार पढ़ा। खड़ी-बोली की कविता की ओर मेरी रुचि पहले कम थी। पर इसको पढ़कर मुझे निश्चय हो गया कि खड़ी-बोली में भी कविता के सब उत्तम गुण रक्खे जा सकते हैं।

सुबोध्यता और प्रसाद-गुण, करुण, वीर और शान्त-रस, सात्विक प्रेम, देश-भक्ति, वैराग्य, परार्थ-बुद्धि, आत्म-त्याग, दुष्ट-नीति पर क्षमा की जीत यह सब बहुत अच्छे प्रकार से दिखाया है। कथा का रूपक भी बहुत सुन्दर, अपूर्व और इस देश की अवस्था के अनुरूप बाँधा है। प्रकृति की शोभा का वर्णन भी स्थान-स्थान पर बहुत ललित और कोमल शब्दों में किया है। मुझे आशा है, यह काव्य चिरस्थायी होगा।

(१४)

बाबू शिवप्रसाद गुप्त—

मैं पथिक का एक-एक अक्षर पढ़ गया। जैसे-जैसे मैं इसे पढ़ता जाता था, मुग्ध होता जाता था। ईश्वर आपकी लेखनी में और भी बल दे, और भगवान् करे आपकी पुस्तक भविष्यवाणी की जगह ले।

(१५)

सेठ जमनालाल बजाज—

गत बीमारी में पथिक के पढ़ने से मुझे बहुत धैर्य मिला। मैंने पथिक को दो बार पढ़ा है। मेरी राय में प्रत्येक नवयुवक को, जो जीवन को आदर्श बनाना चाहता है, पथिक से बहुत लाभ होना संभव है।

(१६)

Prabuddha Bharata (MAYAVATI)—

This is a patriotic tale in fine cantos, written in delightful verse (Khari boli), which strikes a deep note of pathos combined with a genuine love of nature and for one's own country.

November, 1921

(१७)

Leader—

This is a patriotic story written in beautiful Hindi verse, and from a literary point of view can claim a high place.

(१८)

किरात (मराठी के सुप्रसिद्ध ग्रन्थकार और पथिक के पद्यानुवादक)—

पथिक लिखकर रामनरेश त्रिपाठी ने जो गौरव प्राप्त किया है, इस प्रकार का यश आजतक आधुनिक महाराष्ट्र कवियों के बाँटे आने का एक भी उदाहरण हमारे नेत्रों के सन्मुख नहीं है।

(१९)

प्रो० ताराचन्द्रराय (बर्लिन युनिवर्सिटी, जर्मनी)—

You will be very glad to learn that I have been lecturing on and explaining selections from your Pathik to my students in the University. They enjoy them and learn them by heart.

मिलन

(खंड काव्य)

रचयिता—रामनरेश त्रिपाठी

यह एक खण्ड-काव्य है। पाँच सर्गों में समाप्त हुआ है। पथिक और मिलन दोनों दो सिद्धान्तों को ध्यान में रखकर लिखे गये हैं। साहित्य-रसिक लोग इसकी कथा को पथिक से उत्तम बताते हैं। दक्षिण भारत में इसका बड़ा प्रचार है और वहाँ की प्रायः सब भाषाओं में इसके पद्यानुवाद हो चुके हैं। नया संस्करण बहुत सुन्दर निकला है। मूल्य आठ आने। डाक-व्यय ॥)

सम्मतियाँ

(१)

Prabuddha Bharata—

It is a nice love-story. Pandit Tripathi Wields a graceful pen and this has made this tiny booklet a success.

(२)

Leader—

A simple story of the love and patriotism written in beautiful Hindi verse, and from a literary point of view can claim a high place.

स्वप्न

(खण्ड काव्य)

रचयिता—रामनरेश त्रिपाठी

यह काव्य भू-स्वर्ग काश्मीर में लिखा गया है। जिन्होंने मिलन और पथिक पढ़ा है, वे इस काव्य को अवश्य पढ़ें। इसमें प्रकृति-वर्णन के साथ श्रृङ्गार, विरह, प्रेम और देशभक्ति का अनुपम मिश्रण है। हिन्दुस्तानी एकेडेमी ने इसे अपने समय का सर्वश्रेष्ठ काव्य मानकर रचयिता को ५००) का पुरस्कार प्रदान किया है।

छपाई-सफ़ाई उत्तम। मूल्य आठ आने। डाक-व्यय ॥)

सम्मतियाँ

(१)

बाबू मैथिलीशरण गुप्त—

कवित्व और काश्मीर, फिर क्या कहना है! बधाई।

(२)

प्रो० अमरनाथ झा—

आपकी कविता का प्रधान गुण उसकी स्वाभाविकता है, और इस दुर्लभ गुण के 'स्वप्न' में भी अनेक उदाहरण हैं। काव्य की और विशेषतायें गौण हैं अनुप्रास, अलंकार, शब्द-विन्यास; प्रधान गुण स्वाभाविकता ही है। इस अंश में आपकी रचनायें सदैव उच्चकोटि की हैं।

(३)

पंडित लोचनप्रसाद पाण्डेय—

स्वप्न की रचना भाव, भाषा एवं छन्द की दृष्टि से नवीनता-पूरित है। मैंने उसे बड़े प्रेम से पढ़ा।

'सदा दूसरों के सुख दुख की,
निष्फल चर्चा में रत रहकर।
कवि का-सा कुत्सित जीवन मैं
क्यों व्यतीत करता हे ईश्वर!'
कवि! तेरे इस मर्म-कथन में,
तेरे इस सकरुण रोदन में।
भरा हुआ है तत्त्व स्वप्न का,
व्यथित विश्व के उद्बोधन में॥

(४)

बाबू श्यामसुन्दरदास—

त्रिपाठीजी की कविता का क्या कहना है! पथिक ने लोगों को मुग्ध किया था, यह भी वैसा ही आदर पावेगा।

(५)

राय कृष्णदास—

काश्मीर के रंगमंच पर अभिनीत रूपक क्यों न सुन्दर हो! तिसपर भी यदि कथा-वस्तु देश-प्रेम से ओतप्रोत हो। उत्तम रचना है। बधाई।

(६)

अवधवासी लाला सीताराम—

स्वप्न काव्य पढ़कर बड़ा आनन्द हुआ। आजकल ऐसे ही काव्यों की आवश्यकता है। भारत का कल्याण जब ही होगा जब स्त्रियों में भी वीर-भाव आजायगा। आपका प्रकृति-वर्णन प्रशंसनीय है।

(७)

पंडित तारादत्त गैरोला, एम० ए०—

स्वप्न पढ़कर बड़ा आनन्द हुआ। स्वप्न अपने ढंग का निराला है।

प्रकृति-वर्णन अति सुन्दर है। मैंने सम्पूर्ण काव्य को श्रीगङ्गाजी के तट पर, अपनी कुटी में बैठकर, बड़े आनन्द से, आद्योपान्त पढ़ा है।

(८)

डा० रामप्रसाद त्रिपाठी, (इलाहाबाद युनिवर्सिटी)—

स्वप्न की कथा सरल, सुन्दर और हृदय-ग्राहिणी है। भावों की मार्मिकता, विचारों की उच्चता और आशय की महत्ता सर्वथा प्रशंसनीय है। दूसरा और चौथा सर्ग मुझे बहुत मनोहारी प्रतीत होते हैं। एक-दो बार तो ऐसी उमंग उठी कि आपके हाथ चूम लेने की उत्कण्ठा उत्पन्न हो गई। ऐसी लोकोपयोगी, उदात्त-भाव-भावित और प्रोत्साहन-प्रदायिनी कविता-द्वारा आप हिन्दी-साहित्य और देश का जो कल्याण कर रहे हैं, उसके लिये देशवासी आपके आभारी रहेंगे। स्वप्न युवकों-युवतियों ही को नहीं, किन्तु सभी स्त्री-पुरुषों को अवश्य पढ़ना चाहिये। मैं आपको इस कृति के लिये बधाई देता हूँ।

(९)

पंडित कामताप्रसाद गुरु—

स्वप्न के द्वारा आपने आजकल के नवयुवकों के दुबिधामय हृदय को चित्रित करने का प्रशंसनीय प्रयत्न किया है। साथ ही आपने प्रकृति का भी अच्छा चित्र उतारा है। आप लिखते हैं कि मैं कवि नहीं हूँ, पर पुस्तक कहती है कि आप कवि हैं। आपकी कल्पना सरस और रचना मनोहर है।

(१०)

पंडित किशोरीदास वाजपेयी—

आपकी चारों रचनाएँ मैंने बड़े ध्यान और औत्सुक्य से पढ़ीं। इतना आनन्द आया, जितना कभी और कोई भी खड़ी-बोली की

कविता पढ़कर मुझे आजतक नहीं मिला। राष्ट्रीयता प्रत्येक रचना का प्राण है। फिर आपने राष्ट्रीयता को शुष्क नहीं रहने दिया है। मधुर श्रृङ्गार का ऐसा पुट दिया है कि वाह! इसे ही 'कान्तासम्मिततया उपदेश' कहते हैं, जो कविता का मुख्य उद्देश्य है।

स्वप्नों के चित्र बड़े ही मोहक और दिव्य हैं। आपने साहित्यिक रोग का निदान समझकर उसके दूर करने के लिये जो यह सुमधुर आसव तैयार किया है, उससे ऐसी मस्ती आती है, जो चित्त-वृत्ति को भ्रष्ट न करके कर्तव्य-पथ की ओर प्रेरित करती है।

स्वप्न बड़ी उत्तम रचना है। श्रृङ्गार और करुण, हर्ष तथा विषाद की प्रबन्धगत-सन्धि का अच्छा उदाहरण आपने उपस्थित किया है। सुमना के चरित्र-चित्रण से आपने भारतीय-महिला-जगत को एक आदर्श प्रदान कर दिया है। वर्णन-शैली अद्भुत और सजीव है। मनोभावों का घात-प्रतिघात दिल पर मधुर आघात करता है। रस, गुण, अलङ्कार, सब सामग्री ने ऐसी सजावट पैदा करदी है कि क्या कहूँ।

पथिक के दर्शन करके तो दिल काबू ही में न रहा। प्रेम के आलम्बन का विकास बड़ी ख़ूबी से आपने दिखाया है—प्रकृति-प्रतीक-प्रेयसी, प्रकृति की व्यापक मूर्ति और स्वदेश के नर-कङ्काल। बीच-बीच में श्रृङ्गार आदि मधुर रसों ने ज़ायक़ा बदलकर रुचि का विशद परिष्कार किया है। मुझे विश्वास है, आप श्रृङ्गार-रस का बढ़िया से बढ़िया वर्णन करने में सिद्धहस्त हैं। प्रकृति-निरीक्षण भी आपका अनवद्य और स्पृहणीय है। 'पथिक' एक बहुत ऊँचे दर्जे का काव्य है। राष्ट्र को ऐसे ही काव्य चाहिए।

मिलन अपूर्व मादक है। श्रृङ्गार और वीर-रस के सहयोग से देश-प्रेम की ध्वनि ने हृदय को झङ्कृत कर दिया। यह बहुत ही उत्तम

राष्ट्रीय काव्य है। रचना सभी साहित्यिक ख़ूबियों से सम्पन्न है। ऐसे-ऐसे काव्य लिखने के लिये बधाई।

आजकल के युग-परिवर्तनकारी कवि आपकी छाया में छिप जाने लायक़ हैं। जो जानते हैं, उनको यह बतलाने की आवश्यकता नहीं कि क्रान्तिकारी कवि कौन है। पर, सर्व-साधारण भुलावे में पड़ जाते हैं। चेले-चापड़ लोग अपने गुरुओं की प्रतिभा का विज्ञापन देते फिरते हैं। फिर भी, पारखी हीरे को पहचान ही लेते हैं। तभी तो आपकी रचनाओं के इतने अल्प समय में इतने संस्करण निकल चुके।

मैं आपकी रचनाओं की हृदय से क़द्र करता हूँ।

(११)

The Hindustani Academy, (ALLAHABAD)—

The executive committee of the Hindustani Academy, United Provinces, Allahabad, has awarded a prize of Rs. 500 to Pandit Ram Naresh Tripathi on his book 'Swapna' which was considered the best book in Hindi poetry published after Ist January, 1927.

मानसी

सम्पादक—श्रीगोपाल नेवटिया

इसमें पंडित रामनरेश त्रिपाठीजी की फुटकर चुनी हुई कविताओं का संग्रह है। सम्पादक ने प्रारम्भ में एक सारगर्भित भूमिका लिखी है। जिनको खड़ी बोली की कविता से अनुराग हो, वे इसे अवश्य पढ़ें। नवीन संस्करण में और भी नई कवितायें संग्रह की गई हैं। छपाई बहुत ही उत्तम। मूल्य आठ आने। डाक-व्यय ॥)

सम्मतियाँ

(१)

श्री देवदास गाँधी—

मानसी ने मुझे बड़ा ही आनन्द दिया। ठेठ बोली में आपने जो व्यङ्ग और कटाक्ष कहे हैं, मुझे बहुत ही पसन्द आये। धनहीन का कुटुम्ब, नारी, चितवन का जादू, स्मृति, श्याम की शोभा, यह सब बारबार पढ़ने को जी चाहता है। विधवा का दर्पण बड़ाही करुणाजनक है।

(२)

सरस्वती—

प्रायः सभी कविताओं में त्रिपाठीजी की कवित्व-शक्ति का अच्छा परिचय मिलता। त्रिपाठीजी की गणना उन कवियों में की जानी चाहिये, जो कम लिखते हैं; पर जो कुछ लिखते हैं उसमें उनकी शक्ति की शिथिलता नहीं आने पाती।

स्वप्न-चित्र

(नया परिवर्तित संस्करण)

लेखक—रामनरेश त्रिपाठी

इस पुस्तक के प्रहसन पढ़कर हँसते-हँसते लोटपोट हो जाइयेगा। समझ-समझकर फिर हँसियेगा। भाषा बड़ी सरस, वर्णन-शैली बड़ी मनोहर और विषय बहुत रोचक है। पाठकों को इसके प्रहसनों और कहानियों से साहित्य-सम्बन्धी कितनी ही नई बातें मालूम होंगी।

प्रहसन और कहानियों के नाम ये हैं:--

१—कवियों की कौंसिल; २—स्त्रियों की कौंसिल; ३—कवि; ४—सीज़न डल है; ५—राजा; ६—नख-शिख; ७—नायिका-भेद; ८—दिमाग़ी ऐयाशी; ९—हृदय की हार।

छपाई-सफ़ाई दर्शनीय। मूल्य आठ आने। डाक-व्यय ।।)

सम्मति

(१)

सरस्वती—

आश्चर्य की बात यह है कि इस उन्नति के युग में भी हिन्दी में अभी ऐसे कवियों का एक दल मौजूद है जो आँख मूँदकर पुरानी लकीर पर चला जा रहा है और ब्रजभाषा तथा उसके शृङ्गार-रस, नख-शिख-वर्णन और नायिका-भेद आदि में उलझा हुआ है। इसी दल को सुमार्ग पर लाने के उद्देश्य से त्रिपाठीजी ने समय-समय पर कुछ विनोद-पूर्ण लेख लिखे थे। प्रस्तुत पुस्तक उन्हीं लेखों का संग्रह है। प्राचीन शृङ्गारी कविता के दोषों के विरुद्ध जो कुछ भी लिखा जा सकता है, वह सब इसमें त्रिपाठीजी ने बड़े अच्छे और मनोरञ्जक ढंग से लिखा है। इस पुस्तक में आपने यह सिद्ध किया है कि नख-शिख-वर्णन से किसी स्त्री या पुरुष का वास्तविक चित्र नहीं खिंच सकता, नायिका-भेद से स्त्रियों के प्रति व्यर्थ में अविश्वास पैदा होता है, प्राचीन ढंग की कविता करनेवाले कवि-समाज का कोई हित नहीं कर सकते और शृङ्गारी कविता से व्यभिचार और चरित्रहीनता को प्रोत्साहन मिलता है।

कविता के संबन्ध में त्रिपाठीजी के ऐसे क्रांति-मूलक विचार पढ़कर

हमें प्रसन्नता हुई है। इस पुस्तक की रचना कुरुचि और चरित्रहीनता उत्पन्न करनेवाले साहित्य का विरोध करने के लिये हुई है। यह उद्देश्य जितना सुन्दर है, उतना ही पवित्र भी है।

हिन्दुस्तानी-कोष

सम्पादक—रामनरेश त्रिपाठी

इसमें संस्कृत, अपभ्रंश, अरबी, फ़ारसी, तुर्की, अंग्रेज़ी, ब्रजभाषा, बङ्गला, मराठी तथा गुजराती के वे सब शब्द जमा किये गये हैं, जो हिन्दी और उर्दू ज़बान में आम तौर से चलते हैं। इस एक कोष से हिन्दी और उर्दू दोनों ज़बानों का काम चल सकता है। यह कोष राष्ट्रभाषा और हिन्दुस्तानी सीखने के लिये दक्षिण-भारत, बङ्गाल, गुजरात, आसाम, पंजाब, सिन्ध, राजपूताना और महाराष्ट्रवालों के बड़े ही काम का है। इसमें बहुत से ग्रामीण शब्दों का भी संग्रह है जो हिन्दी के लिये बहुत उपयोगी है। पृष्ठ-संख्या ७४०; शब्द लगभग २०००० । सजिल्द का दाम दो रुपये। डाक-व्यय ।।।=)

सम्मतियाँ

(१)

महात्मा गाँधी—

कोष की भूमिका पढ़ गया हूँ। आपका प्रयत्न मुझे तो बहुत ही पसन्द आया है। दूसरी भाषाओं में से शब्द लेकर हिन्दी ने कुछ नहीं गमाया है। हमसे बन पड़े तो हम भाषा में भी छुआछूत कर सकते हैं। लेकिन ईश्वर का अनुग्रह है कि हिन्दी अस्पृश्यता के कलंक से बच रही है।

(२)

वर्तमान (कानपुर)—

यह पुस्तक हिन्दी-संसार में एक अनूठी वस्तु है। त्रिपाठीजी का परिश्रम स्तुत्य है। इससे हिन्दी के शब्द-भंडार की वृद्धि में बहुत सहायता मिलेगी। प्रस्तुत पुस्तक लेखकों, सम्पादकों और कवियों के बड़े काम की वस्तु है। आशा है, वे इसका यथेष्ट आदर करेंगे।

(३)

स्वराज्य (खँडवा)—

अपने ढंग का अच्छा कोष है। इसमें हिन्दी और उर्दू में आमतौर से प्रचलित संस्कृत, अरबी, फ़ारसी, तुर्की, अंग्रेज़ी और पोर्चुगीज़ आदि भाषाओं तथा युक्तप्रांत के देहाती शब्दों का संग्रह किया गया है। यह 'कोष' राष्ट्रभाषा सीखनेवालों के लिये बड़ा सहायक होगा। मद्रास, महाराष्ट्र आदि प्रांतों के राष्ट्र-भाषा-प्रेमियों के यह बड़े काम का है। ७४० पृष्ठों के पोथे का मूल्य २) प्रचार की दृष्टि से ठीक रखा गया है।

जयन्त

(नाटक)

लेखक—रामनरेश त्रिपाठी

हिन्दी में मौलिक नाटकों का बड़ा अभाव है। इसी उपालम्भ से प्रेरित होकर त्रिपाठीजी ने प्रस्तुत नाटक की रचना की है। नाटक बहुत ही सुन्दर है। इसका कथानक सामाजिक और राजनीतिक है। इसमें करुण-रस और अत्याचार के दृश्य बड़े ही लोमहर्षक हैं। सीधी-सादी भाषा में ग़रीबों का बड़ा ही हृदयहारी वर्णन है। हिन्दी के सुप्रसिद्ध विद्वानों और पत्र-पत्रि[illegible]त की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। नाटक-

प्रेमियों को एक बार इसे अवश्य पढ़ना चाहिये। मूल्य केवल आठ आने; डाक-व्यय ॥)

सम्मतियाँ

(१)

जागरण (काशी)—

नाटक बहुत ही सुन्दर है। ग़रीबों पर अमीरों के अत्याचार का नग्न चित्र बड़ा ही रोमाञ्चकारी है। कथावस्तु कल्पित और सामाजिक है। जयन्त, कुसुम, कल्याणी और मनोहरलाल का चरित्र बड़ी ख़ूबी के साथ अङ्कित किया गया है। जयंत के जीवन पर देवदत्त और उसके गुरु के भावों की बड़ी सुन्दर एवं मिश्रित छाप है। कल्याणी का चरित्र बिल्कुल देवी-सा है। नाटक सुखान्त और आदर्शवाद का नमूना है। भाषा सरल और मँजी हुई है। स्थान-स्थान पर सूक्तियाँ और भावात्मक वाक्य भी हैं। गाने भी कम तथा अवसर के उपयुक्त रक्खे गये हैं। दूसरा अङ्क बहुत ही सुंदर है। इसमें कुसुम और जयंत के विचार तथा जयंत का भाषण सुन्दर है। घटनाओं का तारतम्य इस प्रकार है कि रोचकता नष्ट होने की संभावना नहीं है।

प्रस्तुत नाटक पाँच दिन में लिखा गया होकर भी (जैसा त्रिपाठीजी ने स्वयं लिखा है) साहित्य और सर्वसाधारण दोनों ही की दृष्टि से अच्छा बन पड़ा है। मंच पर बड़ी सफलता के साथ अभिनीत हो सकता है।

(२)

भारती (लाहौर)—

त्रिपाठीजी उन अनुभवहीन लेखकों में नहीं हैं, जो लोक-रुचि की अवहेलना करते हुये एकांत में नीरव हृत्तंत्री बजाते-बजाते अनाघ्रात

कुसुम की तरह समाप्त हो जाते हैं। वे हिंदी की पुरानी पौध के उन अनुभवी और चतुर लेखकों में अग्रगण्य हैं, जो हर युग में जनता की माँग को सजग होकर अनुभव करते हैं, और अपनी हर कृति पर ठोस सफलता प्राप्त करते हैं। 'कविता-कौमुदी' के प्रकाशन से कविता-संग्रह-जगत में और 'पथिक' की रचना के द्वारा कथानक खंडकाव्य के क्षेत्र में वे अनुकरणीय नेतृत्व कर चुके हैं।

प्रस्तुत नाटक का कथानक चुनने में कल्पना-कुशल लेखक ने हमारे रंगमञ्च की प्रचलित 'भेड़ियाधसान' वृत्ति का अनुसरण नहीं किया है। उनकी कहानी एक नवीन दिशा की ओर इङ्गित करती है। बाज़ारू प्रेम-कथाओं को अपनाने के बदले उन्होंने एक ऐसी कहानी की सृष्टि की है, जिसमें उनकी कला के सुपरिचित आधार—दीन-दुखियों के प्रति सहानुभूति—का विकास हुआ है।

त्रिपाठीजी ने गानों की असामयिक भरमार की लोकप्रिय प्रथा का बहिष्कार करके संगीत की दृष्टि से इस नाटक को संयत, सरल और सुंदर बना दिया है।

नाटक की भाषा आदि से अन्त तक सरल है; जो इसके अभिनय की सफलता में काफ़ी सहायक हो सकती है। बीच-बीच में चमत्कृत कर देनेवाली सूक्तियों और हृदय को ऊँचा उठानेवाले भावों के भी दर्शन होते हैं।

इस नाटक की एक-एक पंक्ति उच्चकोटि के आदर्शवाद के उज्ज्वल प्रकाश में लिखी गई है। अतः हमें आशा है कि, बाज़ारू नाटक-कम्पनियाँ भले ही इसकी उपेक्षा करें, पर चरित्रवान् युवक और युवतियों की मित्र-मंडलियों में इसका पर्याप्त आदर होगा। अभिनय के लिये सुरुचिपूर्ण मौलिक नाटक खोजनेवालों को इससे आशा का संदेश मिलेगा।

(३)

प्रताप (कानपुर)—

चरित्र-चित्रण में लेखक को काफ़ी सफलता मिली है। जयन्त और उसकी बहन कुसुम तथा कल्याणी का चित्रण अच्छा किया गया है। पूँजीपतियों के अत्याचारों का शिकार होकर जयन्त जैसे साधारण (?) व्यक्ति के हृदय में विद्रोह तथा प्रतिशोध की भावना कैसे जाग्रत होती है और वह डाकू बनकर किस प्रकार अपने समान दलित प्रजा के उद्धार तथा न्याय के लिये लड़ता है, इसका वर्णन बड़ी ख़ूबी के साथ किया गया है। राजकुमारी पद्मावती का हृदय-परिवर्तन तथा न्याय के लिए एक डाकू की चिरसंगिनी बनना साम्यवाद के उज्ज्वल भविष्य का परिचायक है।

(४)

भारत (प्रयाग)—

प्रस्तुत नाटक में सीधी-सादी भाषा में, हृदय की स्वाभाविक शैली में, लेखक ने ग़रीबों का जो चित्र इसमें अंकित किया है, वह पत्थर को भी पिघला देनेवाला है। जान पड़ता है, ग्रामगीतों की तरह ही करुण ग्रामीण दृश्यों से भी उन्होंने आत्मीयता जोड़ ली है।

नाटक में अत्याचारों के प्रतिकार के लिए त्रिपाठीजी ने जो साधन प्रदर्शित किये हैं, वे बहुत ही रोमैन्टिक हैं—कोमल होकर भी बहुत कठोर हैं, कठोर होकर भी बहुत कोमल हैं। इसमें महात्मा गाँधी जैसे प्रशान्त हृदय और समुद्र की भाँति उद्दाम-वेग तरुण हृदयों का अद्भुत सामञ्जस्य है।

मानवता के उत्थान मे स्त्रियों का सहयोग भी वाञ्छनीय है। त्रिपाठीजी ने दिखलाया है कि राष्ट्र के कल्याण के लिये स्त्रियों में भी साहस, शौर्य्य और उत्साह सभी पुरुषोचित गुणों के विकास की आवश्यकता है। किन्तु किस पथ से ? पाश्चात्य पथ से नहीं, बल्कि

भारत के ही प्राचीन पथ से; आर्य-संस्कृति और आर्य-शिक्षा से परिष्कृत और उज्वल होकर। उस समय हमारी देवियाँ स्वतंत्र होते हुए भी, पाश्चात्य नारियों की तरह सामाजिक अशान्ति का कारण नहीं बनेंगी।

यह नाटक सुखान्त है। इसके छोटे-छोटे दृश्य छायापट के चल-चित्रों की भाँति आकर्षक हैं। दर्शकों पर बहुत प्रभाव डालेगा, कहने की आवश्यकता नहीं।

(५)

पंडित किशोरीदास वाजपेयी—

'जयन्त' के दर्शन पाकर अत्यन्त आनन्द हुआ। आपको इस दिशा में भी पूर्ण विजय प्राप्त हुई है। मुझे 'जयन्त' बहुत पसन्द पड़ा है। यह स्कूल-कालेजों में भी अभिनय करने योग्य है और अवश्य इसका अभिनय होना चाहिए। खूब रस-परिपाक हुआ है। बधाई।

(६)

बाबू मैथिलीशरण गुप्त—

'जयन्त' के लिये अनेक धन्यवाद। आप तो इच्छामात्र से ही नाटककार होगये। बहुमुखी प्रतिभा का यही तो लक्षण है। साहित्य के अनेक विभागों में आपका एक विशेष स्थान निश्चित है। ऐसे साहित्यिक के कृपा-पात्र होने के नाते मैं भी अपने को धन्य समझता हूँ।

(७)

युवक (गुजराती—बड़ोदा)—

श्री त्रिपाठी नुं आ प्रथमज नाटक छे। अने घणा सुन्दर ने संस्कारी रीते लख्या छे। आ नाट्य-कृति श्राव्य कर्तां दृश्ये माँ वधारे खीली शके तेम छे। श्री त्रिपाठीजी हवे नाट्यो माँ स्थायी रस केलववा मथशे तो एमना काव्यो जेवी उत्तम नाट्य-कृतियो वाचको ने आपी शकशे।

(८)

आचार्य रामदेव (कन्या गुरुकुल, देहरादून)—

मैंने आज प्रातःकाल 'जयन्त' और 'प्रेमलोक' दोनों पढ़ डाले। जयन्त के पढ़ने से तो इतना सिद्ध होता है कि सफल नाटक-कला-विशारद के सब गुण आपके अन्दर निहित थे, थोड़ी-सी उत्तेजना मिली कि वह गुण प्रकाशित होगये; किन्तु प्रेमलोक में तो आपने कमाल ही कर दिखलाया। नाटक क्या है, उस रूप में क्रियाशील मनोविज्ञान का निचोड़ और धर्म के तत्त्वों का दिग्दर्शन है। भाव गम्भीर हैं, भाषा सरल और सुन्दर है, करुण-रस तो कूट-कूटकर भरा हुआ है, कृत्रिमता और बनावट तो इस पुस्तक में है ही नहीं। ऐसी घटनाओं का वर्णन किया हुआ है कि जो इस विश्व में नित्य प्रति दिखाई पड़ती हैं और जो नाटक-कार ने अपने पास से बढ़ाई हैं, वह भी सहस्रों शिक्षित और भावपूर्ण मनुष्यों के हृदय-मंच पर घटित होती ही रहती हैं, इसलिये अस्वाभाविक प्रतीत नहीं होतीं और न आश्चर्य-जनक ही बोध होती हैं।

(९)

पंडित जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी—

जयन्त पढ़ लिया। अच्छा है। जो कुछ लिखते हैं, खूब ही लिखते हैं। नाटक में भी आप नाम करेंगे, इसमें सन्देह नहीं। बधाई है।

(१०)

सेवा (प्रयाग)—

जयन्त और प्रेमलोक यह दोनों हिन्दी भाषा के सुप्रसिद्ध कवि और लेखक पं० रामनरेश त्रिपाठी के लिखे मौलिक सामाजिक नाटक हैं। साहित्य के इस क्षेत्र में पंडितजी का यह प्रथम प्रयास है।

आशा है कि इनकी समर्थ लेखनी से और भी कई नाटक लिखे जायँगे और साहित्य के इस विभाग को भरा-पूरा करेंगे। प्रस्तुत दोनो पुस्तकों की भाषा सरल, सुन्दर तथा मुहावरेदार है। दोनों के विषय भी अत्यन्त रोचक, रोमाञ्चकारी और शिक्षाप्रद हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह नाटक रंग-मञ्च पर अच्छी तरह खेले जा सकते हैं।

(११)

हिन्दू (मद्रास)—

